Celebrate Raman Day

# विज्ञान दिवस पर राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई

केकड़ी। राजकीय महाविद्यालय केकड़ी में प्रसिद्ध भौतिकशास्त्री व नोबल पुरस्कार विजेता चन्द्रशेखर वेंकट रमन की याद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी विकास पंचोली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. दीपक गुप्ता ने कहा कि समाज एवं विज्ञान दोनों अटूट है। उन्होंने वातावरण में होने वाली घटनाओं का वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए प्रेरित किया। सहआचार्य अनिल कुमार गुप्ता द्वारा भौतिक वैज्ञानिक चन्द्रशेखर वेंकट रमन के स्पेक्ट्रोस्कोपी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण खोज, जिसे रमन प्रभाव कहा जाता है के बारे में विस्तार रूप से बताया। उन्होंने भारत रत्न वेंकट रमन के काशी हिन्दू विश्वविद्यालय 1948 में दीक्षांत समारोह में दिए व्याख्यान का उल्लेख कर बताया कि भारतीय मेधा किसी भी प्रकार से अन्यों से कम नहीं है। आवश्यकता है कि हम हीन भावना की ग्रन्थी को दूर कर अपना सर्वस्व देश को समर्पित करने को तत्पर रहे। उनके द्वारा प्रकाश प्रकीर्णन का सिद्धान्त संक्षेप में बताते हुए वेंकट रमन के देश प्रेम, मातृ भाषा प्रेमी, मानवीय गुणों से परिपूर्ण तथा कर्तव्य निर्वहन हेतु तत्पर स्वतंत्रता संग्राम में योगदान जैसे उनके गुण हमारे वर्तमान विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित कर विज्ञान की जागरूकता के बारे में बताया। कोमल सोनी ने दैनिक जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित किया। डॉ. शिखा माथुर ने भारत के भविष्य के लिए युवकों की वैज्ञानिक दृष्टि का महत्व बताया। डॉ. नरेंद्र चौधरी ने विज्ञान को परिभाषित करते हुए प्रकृति के साथ व्यवस्थित ज्ञान प्राप्त करने को प्रेरित किया। विज्ञान के छात्र एवम छात्राओं ने बढ़-चढ़कर पोस्टर एवं फोटोग्राफी की प्रतियोगिता मे हिस्सा लिया। डॉ. बी.एल जाट, डॉ. नमिता शर्मा, रणवीर सिंह उपस्थित रहे। बी.एस.सी के छात्र सुनील नागर ने संचालन किया तथा एमएससी प्राणीशास्त्र की छात्रा निशा सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

Radio
Waves